# होर्डिंग्स, यूनिपोल तथा अन्य Out of Home (OOH), Digital Out of Home (DOOH) Media आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए प्रदर्शित Campaign के फिल्ड निगरानी, अंकेक्षण तथा डिजिटल प्रबंधन हेतु ऐप उपलब्ध कराने दर निर्धारण एवं अनुभवी योग्य एजेंसी के चयन एवं सेवा हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक–3472 नवा रायपुर दिनांक 22.02.2021

## //निविदा प्रपत्र//

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 2,360/– |
| अमानत राशि | रू. 1,00,000/– |
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/03/2021 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/03/2021 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/03/2021 समय 4:00 बजे सायं तक |
| प्रस्तुतिकरण की तिथि | टेक्निकल बिड में योग्य पाए गए फर्मों को पृथक से सूचित की जाएगी। |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | योग्य पाए गए फर्मों को पृथक से सूचित की जाएगी। |


**छत्तीसगढ़ संवाद**

(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर

रायपुर फोन नं. 0771–2512580

Web :- http://samvad.cg.nic.in/, Email :- cgsamvadadvt@gmail.com

# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसम्पर्क विभाग की सहयोगी संस्था)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर
जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़, फोन – 0771–2512580

क्रमांक 3472/छ.ग.सं/प्रकाशन/2021 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांकः 22/02/2021

**होर्डिंग्स, यूनीपोल तथा अन्य Out of Home(OOH), Digital out of Home (DOOH) Media आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए प्रदर्शित Campaign के फिल्ड निगरानी, अंकेक्षण तथा डिजिटल प्रबंधन हेतु ऐप उपलब्ध कराने दर निर्धारण एवं अनुभवी योग्य एजेंसी के चयन एवं सेवा हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं उपलब्धियों एवं कार्यक्रमों का होर्डिंग्स, यूनीपोल तथा अन्य Out of Home(OOH), Digital out of Home (DOOH) Media आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए प्रदर्शित Campaign के फिल्ड निगरानी, अंकेक्षण तथा डिजिटल प्रबंधन हेतु ऐप उपलब्ध कराने दर निर्धारण एवं अनुभवी योग्य एजेंसी के चयन एवं सेवा हेतु आंमत्रित द्वितीय निविदा में सक्षम संस्था से प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि एवं अन्य दस्तावेजों के साथ मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव प्रपत्र, नियम–शर्तें एवं वित्तीय दर प्रस्ताव संबंधित अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट **http://samvad.cg.nic.in/** से प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जायेगी। मात्र उक्त वेबसाइट में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/03/2021 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/03/2021 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/03/2021 समय 4:00 बजे सायं तक |
| प्रस्तुतिकरण की तिथि | टेक्निकल बिड में योग्य पाए गए फर्मों को पृथक से सूचित की जाएगी। |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | योग्य पाए गए फर्मों को पृथक से सूचित की जाएगी। |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ संवाद**
**रायपुर (छ.ग.)**

# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसम्पर्क विभाग की सहयोगी संस्था)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर
जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़

## <u>होर्डिंग्स, यूनिपोल तथा अन्य Out of Home (OOH), Digital Out of Home (DOOH) Media आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए प्रदर्शित Campaign के फिल्ड निगरानी, अंकेक्षण तथा डिजिटल प्रबंधन हेतु ऐप उपलब्ध कराने दर निर्धारण एवं अनुभवी योग्य एजेंसी के चयन एवं सेवा हेतु रूचि की अभिव्यक्ति हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण नियम एवं शर्तें</u>

1. छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) एक पंजीकृत सोसायटी है। छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा शासन के विभिन्न विभागों, निगम मंडलों एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनजागरूकता हेतु होर्डिंग्स, यूनिपोल तथा अन्य आऊटडोर/आऊट ऑफ होम (OOH) प्रचार माध्यमों से प्रचार–प्रसार की व्यवस्था किया जाता है। जिससे आम जनता जागरूक हो एवं हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

2. छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा होर्डिंग्स, यूनीपोल तथा अन्य Out of Home(OOH), Digital out of Home(DOOH) Media आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए प्रदर्शित Campaign के फिल्ड निगरानी, अंकेक्षण तथा डिजिटल प्रबंधन हेतु ऐप उपलब्ध कराने दर निर्धारण एवं अनुभवी योग्य एजेंसी के चयन एवं सेवा रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जा रहा है। ज्वाइन्ट वेंचर/Consortiun मान्य होगा परन्तु इस स्थिति में अनुबंधित फर्मों द्वारा स्वयं के नाम अथवा अन्य नाम से पृथक से बिड जमा नहीं किया जा सकेगा।

3. निविदा दो पृथक–पृथक लिफाफा में जमा करना अनिवार्य होगा। पहला लिफाफा टेक्निकल बिड एवं दूसरा लिफाफा फाईनेन्शियल बिड हेतु प्रस्तुत करें। टेक्निकल बिड लिफाफा में अमानत राशि रू. 1,00,000/– (बिना ब्याज के वापसी योग्य) एवं निविदा प्रपत्र लागत राशि रू. 2,360/– (वापसी योग्य नहीं) की 'छत्तीसगढ़ संवाद' रायपुर में देय डी.डी. एवं अन्य वांछित दस्तावेज भरकर लिफाफे के उपर टेक्निकल बिड लिखना होगा। फाईनेन्शियल बिड लिफाफा में निर्धारित प्रारूप Annexure (A) में राशि भरकर प्रस्तुत करना होगा एवं लिफाफा के उपर फाईनेन्शियल बिड लिखना अनिवार्य होगा।

4. निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट http://samvad.cg.nic.in/ से डाउनलोड किया जाना है एवं निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमाण्ड ड्रॉफ्ट टेक्निकल बिड के साथ जमा करना अनिवार्य है।

5. निविदा प्रपत्र नवा रायपुर अटल नगर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय के द्वितीय तल के कमरा नंबर SF10 में दिनांक 23.03.2021 को अपरान्ह् 3:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं मूलतः वापस किया जाएगा।

6. यह निविदा फाईनेंशियल बिड खोलने के आगामी 3 वर्ष तक अथवा नवीन निविदा अनुमोदन तिथि तक जो भी पहले हो तब तक के लिए लागू रहेगी, जो दोनों पक्षों को मान्य होगी। अवधि में वृद्धि का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा। कार्य संतोषजनक नहीं होने पर किसी भी समय अनुबंध समाप्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा।

7. **<u>कार्यक्षेत्र (Scope of Works)</u>**

   7.1– होर्डिंग्स, यूनिपोल्स, OOH, DOOH एवं अन्य माध्यम से संचालित कैम्पेन की मॉनिटरिंग के प्लेटफार्म का निर्माण और उसका प्रबंधन। सभी साइट्स की लोकेशन मैप आधारित निगरानी।

   **7.2– एजेंसियों के पास निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध हो:–**

   7.2.1 एजेंसी के पास उपलब्ध Tool में 3 Interfaces हो। फिल्ड मॉनिटरिंग के लिए एक एन्ड्राइड मोबाइल ऐप, वेव उपयोगकर्ताओं के लिए एक डैशबोर्ड एक्सेस (Dashboard Access) और OOH/DOOH प्रबंधन के लिए एक इंटरफेस होना अनिवार्य है।

   7.2.2 ऑटोमेटेड डेली रिपोर्ट्स तैयार करना एवं रियल टाईम डाटा प्रोसेसिंग की सेवा देना।

7.2.3 पर्याप्त विश्वसनीयता एवं सिक्यूरिटी सिस्टम की व्यवस्था हो।

**7.3– Mobile App हेतु तकनीकी विशेषताएं–**

7.3.1 Android Based App हो, Hybrid android app मान्य नहीं होगा।

7.3.2 फिल्ड में पिक्चर क्लिक करने की तारीख और समय के साथ सील लगा हुआ फोटो प्राप्त करने, फोटो में किसी प्रकार की Tampering की गुंजाइश न होने, फोटो में साइट का विवरण उल्लेख होने की व्यवस्था हो एवं इंटरनेट में कनेक्ट होने पर Sync की सुविधा हो।

7.3.3 ऐप यूजर फ्रेंडली हो।

**7.4– निगरानी डेशबोर्ड (Monitoring Dashboard) में निम्नलिखित विशेषताएं वांछनीय है –**

7.4.1 जब फिल्ड एजेंट अपने ऐप से फोटो क्लिक करता है तो वास्तविक समय की उल्लेख हो ताकि निगरानी किया जा सके।

7.4.2 फिल्ड एजेंट को साइट में किसी प्रकार की समस्या होने पर वह एजेंसी को अवगत कराने का तंत्र।

7.4.3 फोटो पर क्लिक करने की तारीख और समय की सील हो।

7.4.4 जिस स्थान पर फोटो क्लिक किया गया है, उस स्थान का लोकेशन विवरण फोटो में हो।

7.4.5 एक्सेल प्रारूप में अनुकूलित रिपोर्ट हो।

7.4.6 पी.डी.एफ. रिपोर्ट।

7.4.7 एक्सेल फार्मेट में होर्डिंग एनालिसिस रिपोर्ट उपलब्ध कराना है।

7.4.8 साइटों का मानचित्र दृश्य हो एवं एकल पृष्ठ में चित्र के साथ रिपोर्ट तैयार हो सके।

**7.5– योजना डैशबोर्ड (Planning Dashboard) में निम्नलिखित विशेषताएं वांछनीय है –**

7.5.1 स्थापित होर्डिंग की मानचित्र।

7.5.2 छत्तीसगढ़ संवाद से अनुमोदित साइट्स का कैम्पेन हो।

7.5.3 छत्तीसगढ़ संवाद में क्लाइंट्स (संबंधित विभाग/कार्यालय) के साथ कैम्पेन का विवरण साझा किया जाना है।

7.5.4 डैशबोर्ड से आंतरिक टीम के साथ पी.डी.एफ. साझा किया जाना है।

7.5.5 बिना लाईट होर्डिंग हेतु दिन का फोटोग्राफ एवं लाईट होर्डिंग हेतु रात एवं दिन का पृथक–पृथक फोटो का पीडीएफ पृथक–पृथक डाउनलोड किया जाना है।

7.5.6 पहले और अंतिम दिन का पी.डी.एफ. पृथक–पृथक डाउनलोड किया जाना है।

7.5.7 टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए अलग–अलग लॉगइन व्यवस्था हो।

7.5.8 बाद में इंस्टाल्ड किए गए साइटों के लिए ऑटो इंटर सुविधा हो।

7.5.9 वांछित रूप में PDF में Customized रिपोर्ट की सुविधा हो।

**8. कैम्पेन के डिजिटल निगरानी करने वाले एजेंसियों की न्यूनतम अर्हताएं–**

8.1– OOH Monitoring Service की न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

8.2– छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा एजेंसी चयन करने के पश्चात चयनित एजेंसी को छत्तीसगढ़ संवाद में इम्पैनल्ड सभी वेंडर को उक्त सिस्टम में शामिल करना होगा एवं छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा समय–समय पर निर्देशित वेंडर एवं नए साइट्स को शामिल करना होगा।

8.3– एजेंसी को जीएसटी पंजीयन प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड, वित्तीय वर्ष 2018–19 की जीएसटी रिटर्न्स तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 का आयकर रिटर्न की प्रतियां प्रस्तुत करना होगा।

8.4– एजेंसियों को वित्तीय वर्ष 2018–19 का Audit Balance Sheet, Profit loss Account, Schedule के साथ प्रस्तुत करना होगा।

8.5– सी.ए. द्वारा सत्यापित OOH Campaign Monitoring कार्य का वित्तीय वर्ष 2018–19 का न्यूनतम 25 लाख रूपए के टर्नओव्हर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। सी.ए. द्वारा सत्यापित टर्नओव्हर प्रमाण–पत्र में उक्त कार्यों का टर्नओव्हर उल्लेखित होना अनिवार्य है।

9. एजेंसी को मॉनिटरिंग एवं अन्य कार्यों में धनजन की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ संवाद उत्तरदायी नहीं होगा।

10. निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट http://samvad.cg.nic.in/ से डाउनलोड किया जाना है एवं निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क एवं अमानत राशि का डिमाण्ड ड्रॉफ्ट टेक्निकल बिड के साथ जमा करना अनिवार्य है।

11. फर्म का चयन टेक्निकल बिड में योग्य पाए गए फर्मों के प्रतिनिधि द्वारा प्रदर्शित प्रजेन्टेशन के आधार पर 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले फर्मों का फाइनेन्शियल बिड खोला जाएगा एवं फाइनेन्शियल बिड में प्राप्त न्यूनतम दर पर न्यूनतम दर वाले फर्म से सेवा ली जाएगी। प्रजेन्टेशन में प्रस्तुत प्रजेन्टेशन के आधार पर अंक प्रदान करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

12. निविदाकार द्वारा टेक्निकल बिड के साथ प्रस्तुत दस्तावेज ही मान्य होगा। बाद में प्रस्तुत किसी भी दस्तावेज पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

13. निविदा स्वीकृत अथवा निरस्त करने एवं निविदा के नियम शर्तों को शिथिल करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद को होगा। निविदा प्रक्रिया के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा शासन हित में आवश्यकतानुसार शर्त निर्धारित किया जा सकता है, जो कि निविदाकर्ता को मान्य करना होगा।

14. ऐप का स्वामित्व एवं लायसेंस छत्तीसगढ़ संवाद का होगा।

15. निविदा प्रस्तुत करने का आशय यह होगा कि निविदाकार को उपरोक्त सभी नियम एवं शर्तें मान्य हैं।

16. किसी भी वाद—विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र जिला न्यायालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ ही होगा।

17. **आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता):—** किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने एवं 30 दिवस के अंदर समाधान न होने की स्थिति में निर्णय हेतु मामला एकल आर्बिट्रेटर— प्रमुख सचिव/सचिव, जनसंपर्क विभाग को अग्रेषित किया जायेगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। आर्बिट्रेशन की कार्यवाही आर्बिट्रेशन एवं काउंसिलेशन एक्ट, 1996 के अधीन संपादित होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ संवाद**
**नवा रायपुर अटल नगर**

———00———

(रू. 50/– के स्टाम्प पेपर में नोटरी से सत्यापित शपथ–पत्र निविदा के टेक्निकल बिड में प्रस्तुत करना होगा)

## शपथ–पत्र

मैं——————————संस्था प्रमुख निवासी ——————————————छग संवाद द्वारा जारी निर्धारित नियम एवं शर्त तथा अनुबंध का पूर्ण रूप से अध्ययन करने के पश्चात ही उपरोक्त आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। उपरोक्त आवेदन में अंकित कोई भी जानकारी अपर्याप्त/अधूरी या फिर गलत पाई जाती है तो इसे अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग संवाद को होगा। इस बारे में मेरे या संस्था के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह की अपील या आपत्ति किसी क्षेत्र में नहीं की जायेगी। मुझे छत्तीसगढ़ संवाद की उपरोक्त से संबंधित सभी नियम एवं शर्ते स्वीकार है।

यह कि जब विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित तिथि पर मेरी संस्था का प्रजेन्टेशन किया जायेगा, उस समय मैं समिति के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी संस्था का प्रजेन्टेशन कराउंगा/कराउंगी। प्रजेन्टेशन उपरांत समिति का निर्णय मुझे मान्य होगा। इसके साथ ही मैं किसी प्रकार के व्यय का दावा नहीं करूंगा/करूंगी।

यह कि वर्ममान में हमारी संस्था ——————————————— या मैं स्वयं किसी शासकीय और अर्द्ध शासकीय विभाग द्वारा ब्लेक लिस्टेट (काली सूची) नहीं है।

स्थान ————————
दिनांक ———————

हस्ताक्षर
(पूरा नाम)
संस्था का नाम व मोहर

# <u>घोषणा पत्र</u>

मैं ...................................................... संस्था ......................................................... छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा जारी रूची अभिव्यक्ति के नियम एवं शर्तों का पूर्ण रूप से अध्ययन करने के पश्चात ही उपरोक्त आवेदन/वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारे द्वारा प्रस्तुत आवेदन/रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्ताव में प्रस्तुत कोई भी जानकारी अपर्याप्त/अधूरी या गलत पायी जाती है तो इसे अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद को होगा। इस बारे में मेरे अथवा संस्था के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह की अपील या आपत्ति किसी क्षेत्र में नहीं की जाएगी। हमारे द्वारा जमा अमानत राशि को छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा राजसात (Fortited) की जा सकती है। छत्तीसगढ़ संवाद की उपरोक्त से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें हमें स्वीकार है।

स्थान–

दिनांक–

**हस्ताक्षर**

**पुरा नाम एवं पता**

**संस्था का नाम सील**

Annexure (A)

# वित्तीय प्रस्ताव का प्रारूप
(एजेंसी के लेटर पेड में जमा करना है)

Ref.No. Dated

| मीडिया | | कार्य विवरण | दर (जीएसटी अतिरिक्त) |
|---|---|---|---|
| **Outdoor Monitoring Tool** | **(A)** | होर्डिंग्स, यूनिपोल तथा अन्य **Out of Home (OOH), Digital Out of Home (DOOH) Media** आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए प्रदर्शित **Campaign** के फिल्ड निगरानी, अंकेक्षण तथा डिजिटल प्रबंधन हेतु ऐप बनाने का एकमुश्त दर | |
| | **(B)** | होर्डिंग्स, यूनिपोल तथा अन्य **Out of Home (OOH), Digital Out of Home (DOOH) Media** आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिए प्रदर्शित **Campaign** के फिल्ड निगरानी, अंकेक्षण तथा डिजिटल प्रबंधन हेतु ऐप के प्रबंधन एवं संधारण हेतु मासिक दर | |

उपरोक्त दर के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जाएगा। जीएसटी अतिरिक्त होगा।